इन्कलाब जिन्दाबाद ! डा. जी संजीवा रेड्डी जिन्दाबाद !! अशोक सिंह जिन्दाबाद !!! मजदूर एकता जिन्दाबाद !!!!

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस

INDIAN NATIONAL TRADE UNION CONGRESS

जिला– सोनभद्र (उ0प्र0)

(INTUC)

हरदेव नारायण तिवारी

जिला अध्यक्ष, इंटक सोनभद्र
संयुक्त सचिव, इंटक उ. प्र.
संगठन सचिव- आल इण्डिया इलेक्ट्रिसिटी फेडरेशन
प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष- हाइड्रो इलेक्ट्रिक इम्पलाइज यूनियन (इंटक) उ. प्र.
सदस्य- ज्वाइंट मैनेजमेंट कौंसिल, उ.प्र. राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि.
शक्ति भवन, लखनऊ

आवास-
निकट बिल्ली प्राइमरी
स्कूल के सामने, अग्रवाल नगर,
बी ब्लाक, पो0- बिल्ली, ओबरा-सोनभद्र
मो0- 9838388191
e-mail : hardevnarayan@yahoo.com

पत्रांक– 1523 /रा.म.कां.सो./ दिनांक 01/मई/2023

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री जी
उ0प्र0 सरकार लखनऊ।

विषय–विद्युत कर्मचारियों के उत्पीड़न कार्यवाही को समाप्त कर ऊर्जा विभाग में सामान्य वातावरण बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत है कि विगत मार्च 2023 में विद्युत कर्मचारी अपने मांगों के समर्थन में 72 घण्टे की हड़ताल की नोटिस दिया था। दिनांक 18 मार्च 2023 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में माननीय ऊर्जा मंत्री एवं ऊर्जा विभाग के उच्च प्रबन्धन व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ वार्ताकर 18 मार्च 2023 को 72 घण्टे के पूर्व हड़ताल समाप्त कर दिया गया था। माननीय ऊर्जामंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा सार्वजनिक रुप से घोषणा किया गया था कि जो भी कर्मचारियों के उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की गई है, इसे वापस लिया जाता है।

बहुत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि माननीय ऊर्जामंत्री के घोषणा के बाद उसी दिन 18 मार्च 2023 को प्रदेश के तमाम विद्युत कर्मचारियों को निलम्बित कर दूसरे स्थानों पर सम्बद्ध कर दिया गया तथा तमाम कर्मचारियों के ऊपर कई धारायें लगाकर FIR दर्ज करा दिया गया। तमाम गरीब संविदा कर्मचारियों की सेवा को समाप्त कर दिया गया तथा उत्पीड़न की कार्यवाही आज भी जारी है। इन सभी कार्यवाहियों से पूरे ऊर्जा विभाग के कर्मचारियों के अन्तर्गत सरकार, प्रबन्धन के प्रति वायदे से मुकरने के पश्चात् अविश्वास की स्थिति बन गई है। कर्मचारियों के अन्दर जो सौहार्दपूर्ण वातावरण में काम करने की स्थिति रहनी चाहिए, वह नहीं रह गई है। कर्मचारी दुःखी मन से काम कर रहे हैं। किसी भी उद्योग/संस्थान में कार्य करने का अच्छा वातावरण बनाये जाने में सरकार एवं प्रबन्धन की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वर्तमान में उ0प्र0 की बिजली विभाग के

कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर दिया गया है जो किसी भी उद्योग के हित में नही है।

साथ ही साथ यह भी कहना है कि वर्तमान में प्रबन्धन द्वारा कर्मचारियों के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है जैसे कोई बहुत बड़ा अपराधी, माफिया, विभाग की क्षति, आर्थिक अपराध कर्मचारी ने किया हो। निलम्बित कर्मचारियों को जवाहरपुर तापीय परियोजना से सम्बद्ध कर दिये गये हैं, उन्हें न रहने का ठिकाना, ना तो खाने पीने का ठिकाना है। इनके बच्चे, परिवार की तबीयत खराब होने पर कोई अतिआवश्यक सामान लाने हेतु छुट्टी तक नहीं दी जा रही है। जैसे जेल में बन्द कैदियों के साथ व्यवहार किया जाता है उसी प्रकार प्रबन्धन अपने कर्मचारियों के साथ व्यवहार कर रहा है। जो अत्यन्त दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है तथा लोकतांत्रिक अधिकार के विरुद्ध है। इस पर शीघ्र विचार किये जाने हेतु अनुरोध करता हूँ।

अतः आपसे निवेदन है कि उद्योग हित में कर्मचारियों के ऊपर किये गये उत्पीड़नात्मक कार्यवाही, सेवा समाप्ति एवं FIR की कार्यवाही समाप्त कर सरकार/प्रबन्धन तथा कर्मचारियों में आपसी विश्वास, सामन्जस्य बनाये रखने हेतु सहयोग प्रदान करने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय

हरदेव 01/5/2023

(हरदेव नारायण तिवारी)
सदस्य–राष्ट्रीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय मजदूर
कांग्रेस इण्टक, नई दिल्ली
संयुक्त सचिव – इण्टक उ०प्र०
कैम्प ओबरा सोनभद्र।

REDMI NOTE 8
48MP QUAD CAMERA